दिनांक : 17.01.2026 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मालदा से भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे
- नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री मोहन यादव आज विदिशा से 4,400 करोड़ की 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण
- उज्जैन में श्री महाकाल महोत्सव का चौथा दिन, शाम को इंदौर और मुंबई के कलाकार देंगे संगीत की प्रस्तुति
- राष्ट्रीय स्टार्ट अप दिवस पर राज्य ने हासिल की बड़ी कामयाबी, लीडर श्रेणी में मिली मान्यता

**प्रधानमंत्री- मालदा रेलवे स्टेशन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मालदा रेलवे स्टेशन से भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन हावड़ा, गुवाहाटी और कामाख्या के बीच चलेगी। कुछ सेवाओं की शुरुआत वे वर्चुअल रूप से भी करेंगे। पूरी तरह एसी ट्रेन कम किराए में आरामदायक और तेज यात्रा की सुविधा देगी। इस ट्रेन में 16 आधुनिक कोच हैं और इसमें 823 यात्री सफर कर सकेंगे। यह सेवा यात्रियों, छात्रों, कामकाजी लोगों, व्यापारियों और तीर्थयात्रियों के लिए काफी उपयोगी होगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल में चार नई रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। शाम को वे असम के गुवाहाटी में बोडो समुदाय के सांस्कृतिक कार्यक्रम बागुरुंबा द्वौ 2026 में शामिल होंगे।

**मुख्यमंत्री विदिशा दौर**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दोपहर 2 बजे विदिशा में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान राज्य में 4 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 8 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। इसके साथ ही 3 ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर की भी शुरुआत होगी। इन परियोजनाओं से प्रदेश में सड़क सुविधा बेहतर होगी। साथ ही लोगों को सुरक्षित और सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा।

## स्टार्टअप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सही नीतियों और आर्थिक मदद से भारत में नई तकनीक का विकास तेजी से हो रहा है। उन्होंने बताया कि आज देश के करीब 80 प्रतिशत स्टार्टअप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 23 स्टार्टअप को सहायता दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि सेमीकॉन इंडिया 2025 में एक अरब डॉलर के डीप टेक एलायंस की घोषणा की गई थी। मंत्री ने बताया कि एक लाख करोड़ रुपये का अनुसंधान और नवाचार कोष भी तकनीकी विकास को मजबूत कर रहा है।

## वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य एक बार फिर वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 में भाग लेने जा रहा है। 19 जनवरी से दावोस में शुरू होने वाले इकोनॉमिक फोरम में राज्य सरकार निवेश और उद्योग के नए अवसरों को सामने रखेगी। वे कंपनियों को मैन्युफैक्चरिंग, रिन्यूएबल एनर्जी, लॉजिस्टिक्स, टेक्सटाइल, केमिकल और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रण देंगे। इस बार वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की थीम संवाद और सहयोग पर आधारित है।

## लाडली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल नर्मदापुरम जिले के माखन नगर से लाडली बहना योजना की 32वीं किस्त जारी की। इस दौरान प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाडली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि डाली गई। लाडली बहना योजना की लाभार्थियों को 1500 रुपये हर महीने दिए जा रहे हैं।

## श्री महाकाल महोत्स

भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में चल रहे पाँच दिवसीय श्री महाकाल महोत्सव का आज चौथा दिन है। आज शाम संगीत प्रेमियों के लिए खास कार्यक्रम होगा। इंदौर के श्रेयस शुक्ला और मुंबई के विपिन अनेजा अपने बैंड के साथ मधुर संगीत की प्रस्तुति देंगे। कल सांस्कृतिक संध्या

की शुरुआत सुप्रसिद्ध गायिका सोना महापात्रा की प्रस्तुति "जय काल महाकाल" से हुई। उनकी आवाज़ से पूरा महाकाल लोक जयघोष से गूंज उठा। यह श्री महाकाल महोत्सव वीर भारत न्यास और श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।

**जैविक खेती**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार कृषि में सस्टेनेबल विकास और पर्यावरण संरक्षण लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करना और मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। रायसेन जिले के पीपलखेड़ा गांव के किसान धीरेंद्र सिंह कुशवाहा ने इस पहल का लाभ उठाकर अपनी खेती में सुधार किया है।

**राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस**

राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस पर राज्य ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। राज्य को लीडर श्रेणी में मान्यता दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और यह स्थान बनाए रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में कल नई दिल्ली में राज्यों की स्टार्ट-अप रैंकिंग का पाँचवां संस्करण आयोजित हुआ। इसमें देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्टार्ट-अप सिस्टम का मूल्यांकन किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप हब बन गया है। दस साल पहले देश में सिर्फ 500 स्टार्ट-अप थे, आज यह संख्या 2 लाख से अधिक हो गई है।

**मौसम**

उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मंदसौर में न्यूनतम तापमान 2 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज सुबह प्रदेश के 15 से अधिक जिलों में हल्का से मध्यम कोहरा छाया रहा। शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, कटनी और मैहर जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों में बर्फबारी के बाद प्रदेश में ठंड बढ़ गई है। अगले 2-3 दिन तक तेज ठंड बनी रहने की संभावना है। 19 जनवरी से उत्तर-पश्चिम भारत में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे प्रदेश में बारिश और बादलों की स्थिति बन सकती है।

**विमेंस प्रीमियर लीग**

विमेंस प्रीमियर लीग में दो बड़े मुकाबले खेले जाएंगे। सीजन का 10वां मैच मुंबई इंडियंस और यूपी वारियर्ज के बीच आज दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा। वहीं, 11वां मुकाबला शाम 7 बजे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। दोनों ही मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- कटनी जिले में समर्थन मूल्य पर कोदो-कुटकी के उपार्जन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब किसान 31 जनवरी तक अपनी उपज का विक्रय कर सकेंगे।

2- खंडवा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा "स्वच्छ पेयजल आज और कल" अभियान के अंतर्गत जिले में गांव-गांव जाकर जल परीक्षण किया जा रहा है।

3- सांसद कप खेल महोत्सव के तहत आगरमालवा स्थित स्टेडियम में आयोजित हुई वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी जैसी प्रतियोगिता में सभी वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

4- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा एमएसएमई विभाग के अन्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की विभागीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

5- भोपाल में 26 और 27 जनवरी को विशेष शिविर आयोजित कर दिव्यांगजनों को निशुल्क इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक्स हैंड्स लगाए जाएंगे।

6- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कलापथक दल द्वारा ई-केवायसी एवं नशामुक्ति को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया।

7- डिंडौरी में आयुष विभाग द्वारा नर्मदा परिक्रमावासियों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु निःशुल्क आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रतिदिन सायं 6.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक संचालित किया जाएगा।

-------